अमर उजाला

Date: 21.07.2025

# पीएचडी के 4 विभागों में 24 सीटों पर मांगे आवेदन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। पात्र अभ्यर्थी 31 जुलाई 2025 तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

इस सत्र में कंप्यूटर विज्ञान और अनुप्रयोग विभाग में चार सीट, भौतिक विज्ञान विभाग में चार सीट, शारीरिक शिक्षा विभाग में 12 सीट तथा अर्थशास्त्र विभाग में दो पीएचडी सीटों पर आवेदन किए गए हैं। विश्वविद्यालय में पीएचडी कोर्स वर्क में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल 18 जुलाई 2025 को खोला गया है और ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित की गई है।

साक्षात्कार का कार्यक्रम छह अगस्त 2025 को आयोजित किया जाएगा। इसमें शारीरिक शिक्षा, कंप्यूटर साइंस, भौतिक विज्ञान और अर्थशास्त्र विषयों के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार सुबह 11 बजे निर्धारित किया गया है। प्रथम मेरिट सूची 7 अगस्त को प्रकाशित की जाएगी। दस्तावेज सत्यापन व शुल्क जमा करवाने की तिथि 8 अगस्त 2025 है। रिक्त सीटों की स्थिति 11 अगस्त को प्रदर्शित की जाएगी। संवाद

हरिभूमि
Date: 21.07.2025

# चौधरी रणबीर सिंह विवि में पीएचडी प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

- 25 सीटों पर 31 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन
- प्रथम मेरिट सूची सात अगस्त को होगी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 31 जुलाई 2025 तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीआरएसयू डॉट इन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार पीएचडी प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी जैसे कि प्रवेश कार्यक्रम का शेड्यूल, फीस संरचना, विभागवार सीटों की संख्या आदि वेबसाइट पर उपलब्ध है। कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी ने कहा कि शोध कार्य केवल ज्ञान का विस्तार ही नही बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी माध्यम है। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय का उद्देश्य है कि हम छात्रों को अनुसंधान की दिशा में उत्कृष्ट अवसर प्रदान करें। जिससे वे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दें। पीएचडी कार्यक्रम के माध्यम से हम ऐसी शोध परंपरा को सशक्त बना रहे हैं, जो नवाचार, बौद्धिक स्वतंत्रता एवं सामाजिक प्रासंगिकता पर आधारित हो। इस सत्र में कंप्यूटर विज्ञान और अनुप्रयोग विभाग में छह सीटों, भौतिक विज्ञान विभाग में चार सीटों, शारीरिक शिक्षा विभाग में 13 सीटों तथा अर्थशास्त्र विभाग में दो पीएचडी सीटों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

जागरण

Date: 21.07.2025

# सीआरएसयू ने पीएचडी के लिए मांगे आनलाइन आवेदन

## कुल 24 सीटों पर दाखिले के लिए 31 तक कर सकते आवेदन, सीट, फीस सहित सारी जानकारी विवि की वेबसाइट पर मिलेगी

मिशन एडमिशन

जागरण संवाददाता • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन मांगे हैं। इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी 31 जुलाई को पांच बजे तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जारी अधिसूचना के अनुसार पीएचडी प्रवेश से संबंधित प्रवेश कार्यक्रम का शेड्यूल, फीस संरचना, विभागवार सीटों की संख्या सहित पूरी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। वीसी प्रोफेसर रामपाल सैनी ने कहा कि शोध कार्य केवल ज्ञान का विस्तार ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी माध्यम है। पीएचडी कार्यक्रम के माध्यम से ऐसी शोध परंपरा को सशक्त बना रहे हैं, जो नवाचार, बौद्धिक स्वतंत्रता एवं सामाजिक प्रासंगिकता पर आधारित हो।

**अंतिम तिथि का इंतजार ना करें : वीसी** : वीसी ने कहा कि आवेदकों को सलाह दी जाती है, वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना शीघ्र आवेदन करें। अंतिम तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। सामान्य वर्ग के लिए आवेदन शुल्क एक हजार रुपये और हरियाणा राज्य के अनुसूचित जाति, डीएससी वर्ग के लिए 250 रुपये निर्धारित है।



चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय। • जागरण

### दाखिले से संबंधित जरूरी जानकारी

इस सत्र में कंप्यूटर विज्ञान और अनुप्रयोग विभाग में छह सीट, भौतिक विज्ञान विभाग में चार सीट, शारीरिक शिक्षा विभाग में 12 सीट और अर्थशास्त्र विभाग में दो पीएचडी सीट पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

- विश्वविद्यालय में पीएचडी कोर्स वर्क में प्रवेश के लिए आनलाइन पोर्टल 18 जुलाई को खोला गया है। आनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।
- साक्षात्कार छह अगस्त को लिए जाएंगे। जिसमें शारीरिक शिक्षा, कंप्यूटर साइंस, भौतिक विज्ञान और अर्थशास्त्र विषयों के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार सुबह 11 बजे निर्धारित किया गया है।
- प्रथम मेरिट सूची सात अगस्त को जारी होगी। दस्तावेज सत्यापन व शुल्क जमा करने की तिथि आठ अगस्त को दोपहर बाद तीन बजे तक है। रिक्त सीटों की स्थिति 11 अगस्त को प्रदर्शित की जाएगी।
- अगर सीट रिक्त रहती हैं, तो दूसरी मेरिट सूची 12 अगस्त को जारी की जाएगी। उसी दिन दस्तावेज सत्यापन व शुल्क जमा करने की प्रक्रिया दोपहर बाद तीन बजे तक की जाएगी। रिक्त सीटों की स्थिति दोबारा 12 अगस्त को दर्शाई जाएगी।
- अगर इसके बावजूद सीटें तब भी रिक्त रहती हैं, तो छात्रों की भौतिक उपस्थिति 13 अगस्त को सुनिश्चित की जाएगी और उसी दिन दस्तावेज सत्यापन भी दोपहर बाद तीन बजे तक होगा।
- शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 18 अगस्त 2025 (दोपहर तीन बजे तक) निर्धारित की गई है। पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाएं 19 अगस्त से आरंभ होंगी।

# परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने के कारण विद्यार्थी हो रहे परेशान

जागरण संवाददाता, जींद : चौधरी रणबीर सिंह विवि में परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रोष जताया है। सीआरएसयू इकाई अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि विवि से संबंधित कालेजों को विद्यार्थियों के यूजी नान एनईपी कोर्स के दो, चार सेमेस्टर के री एग्जाम के परीक्षा परिणाम अभी तक भी जारी नहीं हुए हैं। ज्यादातर विवि में विद्यार्थियों के एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। दिल्ली विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ विश्वविद्यालय जैसे बड़े विश्वविद्यालय में दाखिला प्रक्रिया खत्म होने वाली है। 21 जुलाई को जींद विवि की भी मेरिट सूची जारी होगी। हरियाणा के सभी कालेज के एडमिशन फार्म भी शुरू हो गए हैं। ऐसे में परीक्षा परिणाम नहीं आने से विद्यार्थियों अपना फार्म भी नहीं भर पा रहे हैं। परीक्षा परिणाम नहीं आने के कारण नौकरी के लिए भी आवेदन नहीं कर पा रहे हैं।

# ज्यादा आवेदन आने के बावजूद कालेजों में सीटें खाली

जासं • जींद : जिले के राजकीय व निजी कालेजों में दो मेरिट लिस्ट के बावजूद सीट खाली बची हुई हैं। राजकीय पीजी कालेज जींद में कुल 1630 सीट में से 1171 पर दाखिले हुए हैं और 459 सीट खाली हैं। जिन पर फिजिकल काउंसिलिंग के तहत दाखिला प्रक्रिया जारी है।

नौ जुलाई को फिजिकल काउंसिलिंग शुरू हुई थी। 11 से 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिला लेने का मौका था। 18 से 24 जुलाई तक पहले वाले 100 रुपये लेट फीस और 100 रुपये हर रोज लेट फीस जमा करवा कर विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। इस बार 15 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। राजकीय व निजी कालेजों में यूजी प्रथम वर्ष में करीब साढ़े 11 हजार सीट हैं।

### राजकीय पीजी कालेज जींद में खाली सीट

| संकाय | कुल सीट | दाखिल हुए | खाली सीट |
|---|---|---|---|
| बीए | 600 | 532 | 68 |
| बीएससी इन फिजिकल साइंस | 300 | 110 | 190 |
| बीकाम | 220 | 126 | 94 |
| बीएससी इन लाइफ साइंस | 150 | 124 | 26 |
| बीसीए | 120 | 103 | 17 |
| बीए ज्योग्राफी | 40 | 34 | 6 |
| बीए हिस्ट्री | 40 | 32 | 8 |
| बीए इंग्लिश | 40 | 28 | 12 |
| बीबीए | 40 | 34 | 6 |
| बीए विद मेजर इन इकोनोमिक्स | 40 | 27 | 13 |
| बीए विद मेजर इन मैथ | 40 | 21 | 19 |
| कुल सीट | 1630 | 1171 | 459 |

**24 तक लेट फीस जमा करवा कर ले सकते दाखिला** : राजकीय पीजी कालेज जींद के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने बताया कि कालेज में कुछ सीट खाली हैं। जिन पर दाखिले के लिए फिजिकल काउंसिलिंग चल रही है। 18 से 24 जुलाई तक विद्यार्थी पहले वाले 100 रुपये लेट फीस और प्रतिदिन 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिला ले सकते हैं।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 21.07.2025

# सीआरएसयू में पीएचडी में दाखिले के लिए मांगे आवेदन, पहली मेरिट सूची 7 अगस्त को जारी होगी

भास्कर न्यूज़ | जींद

सीआरएसयू ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 31 जुलाई तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.crsu.ac.in पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पोर्टल 18 जुलाई को खोला गया है।

वीसी प्रो रामपाल सैनी ने कहा कि शोध कार्य ज्ञान के साथ सामाजिक बदलाव का माध्यम है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को अनुसंधान के क्षेत्र में बेहतर अवसर देना है। इससे वे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। उन्होंने प्रतिभाशाली छात्रों को इस शोध यात्रा का हिस्सा बनने का निमंत्रण दिया। इस सत्र में कंप्यूटर विज्ञान और अनुप्रयोग विभाग में 6, भौतिक विज्ञान में 4, शारीरिक शिक्षा में 12 और अर्थशास्त्र विभाग में 2 सीटों पर आवेदन मांगे गए हैं। पीएचडी कोर्सवर्क में दाखिले के लिए साक्षात्कार 6 अगस्त को सुबह 11 बजे होगा। इसमें चारों विषयों के अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लिया जाएगा। पहली मेरिट सूची 7 अगस्त को जारी होगी। दस्तावेज सत्यापन और फीस जमा करने की अंतिम तिथि 8 अगस्त दोपहर 3 बजे तक तय की गई है। रिक्त सीटों की जानकारी 11 अगस्त को दी जाएगी। यदि सीटें खाली रहती हैं तो दूसरी मेरिट सूची 12 अगस्त को जारी होगी। उसी दिन दस्तावेज सत्यापन और फीस जमा की प्रक्रिया दोपहर 3 बजे तक पूरी करनी होगी। रिक्त सीटों की स्थिति फिर 12 अगस्त को ही प्रदर्शित की जाएगी। यदि सीटें तब भी खाली रहती हैं तो 13 अगस्त को छात्रों की भौतिक उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। उसी दिन दस्तावेज सत्यापन भी होगा। अंतिम फीस जमा करने की तिथि 18 अगस्त दोपहर 3 बजे तक तय की गई है। पीएचडी कोर्सवर्क की कक्षाएं 19 अगस्त 2025 से शुरू होंगी। आवेदकों को सलाह दी गई है कि अंतिम तिथि का इंतजार न करें। सामान्य वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 1000 रुपए है। हरियाणा के अनुसूचित जाति और डीएससी वर्ग के लिए 250 रुपए शुल्क तय किया गया है।